**Series &RQPS/S** **SET~3**

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **58/S/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।
Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***दो*** *खण्डों में विभाजित है :*
***खण्ड क*** *– समष्टि अर्थशास्त्र*
***खण्ड ख*** *– भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***20*** *बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***4*** *लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***6*** *लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***4*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के* ***सभी*** *भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र, आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

## खण्ड क
## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* किसी द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) से अधिक हो सकता है।

*कथन 2 :* किसी द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय शून्य होती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

(iii) *This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) *This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

(v) *This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

(vi) *This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

(vii) *Attempt **all** parts of a question together.*

(viii) *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

(ix) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A

## Macro Economics

**1.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Gross National Product (GNP) can be greater than Gross Domestic Product (GDP) in a two-sector economy.

*Statement 2 :* Net factor income from abroad is zero in a two-sector economy.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**2.** अन्य सभी कारक समान रहने पर, ______________ के कारण किसी राष्ट्र के भुगतान संतुलन में व्यापार अधिशेष उत्पन्न हो सकता है।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) जापान को कॉफी के निर्यात में वृद्धि

(B) बैंकिंग सेवाओं के आयात में कमी

(C) अनाज के निर्यात में कमी

(D) विदेशों को प्रेषित धन में वृद्धि

**3.** मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, केन्द्रीय बैंक आरक्षित अनुपात को 10% से बढ़ाकर 25% कर देता है। प्रारंभिक जमा राशि को ₹ 1,000 करोड़ पर स्थिर रखते हुए, मुद्रा सृजन की कुल राशि ₹ __________ करोड़ हो जाएगी।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 10,000 (B) 4,000

(C) 6,000 (D) 5,000

**4.** किसी विशेष समय बिंदु पर भुगतान के उद्देश्य से जनता द्वारा रखी हुई मुद्रा की कुल मात्रा _________ होती है।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) सावधि जमा (B) मुद्रा की माँग

(C) मुद्रा आपूर्ति (D) साख सृजन

**5.** __________ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, किसी राष्ट्र के केन्द्रीय बैंक व सरकार को विदेशी मुद्रा दर के निर्धारण में हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं होता है।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) स्थिर (fixed) (B) तिरती (floating)

(C) प्रबंधित तिरती (D) स्वर्ण मान


collegedunia
India's largest Student Review Platform

2. Keeping all other factors constant, trade surplus may arise in the Balance of Payments of a nation because of ________.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) rise in export of coffee to Japan

(B) fall in import of banking services

(C) fall in exports of cereals

(D) rise in remittances to abroad

3. Suppose in a hypothetical economy, the Central Bank increases the reserve ratio from 10% to 25%. Keeping the amount of initial deposits constant at ₹ 1,000 crore, the amount of total money creation would be ₹ _______ crore.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) 10,000 (B) 4,000

(C) 6,000 (D) 5,000

4. ___________ is the total volume of money held by the public, for the purpose of disposing off, at a particular point of time.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) Term deposits (B) Demand for money

(C) Money supply (D) Credit creation

5. Under _______ exchange rate system, the Central Bank and Government of the country do not have any authority to interfere in the exchange rate determination.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) fixed (B) floating

(C) managed floating (D) gold standard


collegedunia
India's largest Student Review Platform

**6.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) कुल उपभोग में दिए गए परिवर्तन के संबंध के कुल आय में परिवर्तन को दर्शाती है।

*कथन 2 :* जब आय में परिवर्तन होता है, तो उपभोग में परिवर्तन ($\Delta C$) कभी भी आय में परिवर्तन ($\Delta Y$) से अधिक नहीं हो सकता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**7.** किसी अर्थव्यवस्था में, आय के लाभ-अलाभ (break-even) स्तर का निर्धारण __________ पर किया जा सकता है।

(i) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS)

(ii) आय (Y) = उपभोग (C)

(iii) बचत (S) = 0

(iv) औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) = औसत बचत प्रवृत्ति (APS)

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

विकल्प :

(A) केवल (i)

(B) (i) और (ii)

(C) (ii) और (iii)

(D) (i) और (iv)

**8.** एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए यह ज्ञात है कि :

औसत बचत प्रवृत्ति (APS) = 0.4

आय (Y) = ₹ 100 करोड़

स्वायत्त उपभोग ($\overline{C}$) = ₹ 10 करोड़

निवेश गुणक का मूल्य __________ होगा।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 5 (B) 2

(C) 4 (D) 10



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**6.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Average Propensity to Consume (APC) represents the change in total income with respect to a given change in total consumption.

*Statement 2 :* When income changes, change in consumption ($\Delta C$) can never exceed the change in income ($\Delta Y$).

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**7.** In an economy, break-even level of income can be determined, when _______.

(i) Marginal Propensity to Consume (MPC) = Marginal Propensity to Save (MPS)

(ii) Income (Y) = Consumption (C)

(iii) Savings (S) = 0

(iv) Average Propensity to Consume (APC) = Average Propensity to Save (APS)

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

Alternatives :

(A) Only (i)

(B) (i) and (ii)

(C) (ii) and (iii)

(D) (i) and (iv)

**8.** For a hypothetical economy, it is known that :

Average Propensity to Save (APS) = 0.4

Income (Y) = ₹ 100 crore

Autonomous Consumption ($\overline{C}$) = ₹ 10 crore

The value of investment multiplier would be __________.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) 5 (B) 2

(C) 4 (D) 10



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**9.** भुगतान संतुलन का __________ खाता शेष विश्व (ROW) पर वित्तीय दावों में निवल परिवर्तन को दर्शाता है।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) व्यापार
(B) पूँजी
(C) चालू
(D) दृश्यमान

**10.** पहचान कीजिए, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उपभोग और प्रयोज्य आय के बीच आनुपातिक संबंध को दर्शाता है। *1*

(A) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC)/औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)
(B) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) < औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)
(C) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)
(D) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 1

**11.** (क) "मुद्रा अवमूल्यन व मुद्रा मूल्यह्रास के निहितार्थ (आशय) समान हैं, परन्तु वे पृथक्-पृथक् स्रोतों से उत्पन्न होते हैं।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) चालू खाते के घाटे का अर्थ तथा इसके कम होने के पीछे के कारणों को रेखांकित कीजिए। *3*

**12.** दिए गए आँकड़ों के आधार पर, साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाइए : *3*

| *क्रम सं.* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | बिक्री | 2,000 |
| (ii) | कच्चे माल का क्रय | 500 |
| (iii) | स्टॉक में परिवर्तन | 300 |
| (iv) | सकल निवेश | 500 |
| (v) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 200 |
| (vi) | शुद्ध निवेश | 300 |


collegedunia
India's largest Student Review Platform

**9.** The ___________ account of Balance of Payments reflects the net changes in financial claims on the Rest of the World (ROW).

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) Trade (B) Capital

(C) Current (D) Visible

**10.** Identify, which of the following options exhibits the proportional relation between consumption and disposable income. *1*

(A) Marginal Propensity to Consume (MPC)/Average Propensity to Consume (APC)

(B) Marginal Propensity to Consume (MPC) < Average Propensity to Consume (APC)

(C) Marginal Propensity to Consume (MPC) = Average Propensity to Consume (APC)

(D) Marginal Propensity to Consume = 1

**11.** (a) "Devaluation of currency and depreciation of currency have the same implications, but they originate from divergent sources."

Do you agree with the given statement ? Give valid reason in support of your answer. *3*

**OR**

(b) Outline the meaning and reasons behind narrowing down of Current Account Deficit. *3*

**12.** On the basis of the given data, estimate the value of Net Value Added at Factor Cost ($NVA_{FC}$) : *3*

| *S. No.* | *Items* | *Amount (₹ in crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Sales | 2,000 |
| (ii) | Purchase of raw material | 500 |
| (iii) | Change in stock | 300 |
| (iv) | Gross Investment | 500 |
| (v) | Net Indirect Taxes | 200 |
| (vi) | Net Investment | 300 |



collegedunia India's largest Student Review Platform

**13.** (क) "जब प्रत्याशित समग्र माँग (AD) प्रत्याशित समग्र आपूर्ति (AS) से अधिक हो, तो परिणामस्वरूप अनपेक्षित मालसूची (Inventories) का संग्रह होता है।"

अपने उत्तर की पुष्टि के लिए वैध कारण देते हुए, दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) किसी काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए निम्नलिखित को मानिए :

(i) स्वायत्त उपभोग व्यय ($\overline{C}$) = ₹ 25 करोड़


(ii) सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) = 0.1

(iii) आय का स्तर (Y) = ₹ 2,000 करोड़

(iv) स्वायत्त निवेश (I) = ₹ 25 करोड़

क्या अर्थव्यवस्था संतुलित अवस्था में है ? वैध गणनाओं द्वारा अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

**14.** निम्नलिखित चित्र का अध्ययन कीजिए : *4*




(i) संकेतित स्थिति की पहचान कीजिए।

(ii) इस स्थिति को सही करने के लिए ऐसे किन्हीं दो कदमों की व्याख्या कीजिए जो कि RBI के द्वारा उठाए जा सकते हैं।



collegedunia India's largest Student Review Platform

13. (a) "When ex-ante Aggregate Demand (AD) is more than ex-ante Aggregate Supply (AS), it results in an accumulation of unintended inventories."

Defend or refute the given statement, giving valid reasons in support of your answer. *4*

**OR**

(b) Assume the following for a hypothetical economy :

(i) Autonomous Consumption Expenditure ($\overline{C}$) = ₹ 25 crore


(ii) Marginal Propensity to Save (MPS) = 0.1

(iii) Level of Income (Y) = ₹ 2,000 crore

(iv) Autonomous Investment (I) = ₹ 25 crore

Is the economy in equilibrium situation ? Justify your answer with valid calculations. *4*

**14.** Study the following image : *4*




(i) Identify the indicated situation.

(ii) Explain any two steps which may be taken by RBI to correct the situation.


collegedunia India's largest Student Review Platform

**15.** "भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) सरकार के लिए वही कार्य करता है, जो कि वाणिज्यिक बैंक आम जनता के लिए करते हैं।"

भारत सरकार के लिए केन्द्रीय बैंक द्वारा किए गए ऐसे किन्हीं दो कार्यों की संक्षेप में चर्चा कीजिए। *4*

**16.** (क) कारक आय व हस्तांतरण आय में अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

(ख) "बाह्यताओं को नकारात्मक अथवा सकारात्मक रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि सकल घरेलू उत्पाद से इनका सीधा संबध हो।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए। *3*

**17.** (क) (i) "केन्द्रीय बजट 2023 – 24 में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (MSME) मंत्रालय को ₹ 22,138 करोड़ के आबंटन का प्रस्ताव किया गया था।"

उस उद्देश्य की पहचान व व्याख्या कीजिए, जिसे सरकार प्रस्तावित व्यय के साथ प्राप्त करने का प्रयास कर रही है। *4*

(ii) राजकोषीय घाटे व राजस्व घाटे की गणना करने के लिए प्रयुक्त सूत्रों का उल्लेख कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) (i) "कर राजस्व, राजस्व प्राप्तियों का एक महत्त्वपूर्ण घटक है तथा इसे दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है।"

मान लीजिए कि आप भारत सरकार के राजस्व विभाग के सदस्य हैं। करों की दो श्रेणियों को पहचानने एवं उनके बीच अंतर करने में अपने मित्र की सहायता कीजिए। *3*

(ii) "बजट के तीन प्रकार – घाटे का बजट, अधिशेष बजट व संतुलित बजट, हो सकते हैं।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए। *3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**15.** "The Reserve Bank of India (RBI) performs the same function for the government as the commercial banks perform for the general public."

Discuss briefly any two such functions performed by the Central Bank for the Government of India. *4*

**16.** (a) Differentiate between factor income and transfer income. *3*

(b) "Externalities can be classified into negative or positive, however it is not necessary that they will be directly correlated with the Gross Domestic Product."

Do you agree with the given statement ? Give valid reasons in support of your answer. *3*

**17.** (a) (i) "The Union Budget 2023 – 24 had proposed an allocation of ₹ 22,138 crore to the Micro, Small and Medium Enterprise (MSME) Ministry."

Identify and explain the objective that the government is trying to achieve with the proposed expenditure. *4*

(ii) State the formulae for calculating fiscal deficit and revenue deficit. *2*

**OR**

(b) (i) "Tax revenues, an important component of revenue receipts, can be further classified into two categories."

Imagine yourself as a member of Department of Revenue of the Government of India. Help your friend to identify and differentiate between the two categories of taxes. *3*

(ii) "A budget can be deficit, surplus or balanced."

Do you agree with the given statement ? Give valid reasons in support of your answer. *3*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** ___________ को कृषि उत्पादन से विविधीकरण के वैकल्पिक स्रोत के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) हरित क्रांति
(B) बागवानी
(C) जैविक कृषि
(D) परंपरागत कृषि

**19.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए – अभिकथन (A) और कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : *1*

*अभिकथन (A) :* मानव पूँजी का बाज़ार में व्यापार नहीं किया जा सकता, जबकि इसकी सेवाओं का व्यापार किया जा सकता है।

*कारण (R) :* मानव पूँजी अमूर्त प्रकृति की होती है।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

**20.** चीन में लागू किए गए ___________ उपाय से जनसंख्या के साथ-साथ लिंगानुपात में भी गिरावट आई थी।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) पूँजीगत वस्तुओं के राष्ट्रीयकरण (Nationalisation)

(B) पूँजीगत वस्तुओं के विराष्ट्रीयकरण (Denationalisation)

(C) एकल-संतान नीति

(D) द्वि-संतान नीति



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## SECTION B
## Indian Economic Development

**18.** __________ can be classified as one of the alternative sources of diversification from farm output.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) Green Revolution (B) Horticulture
(C) Organic Farming (D) Conventional Farming

**19.** Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative given below : *1*

*Assertion (A) :* Human capital cannot be traded in the market, whereas its services can be traded.

*Reason (R) :* Human capital is intangible in nature.

Alternatives :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**20.** ___________ measure introduced in China led to the decline in its population as well as sex ratio.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) Nationalisation of capital goods
(B) Denationalisation of capital goods
(C) One-child norm
(D) Two-child norm


collegedunia India's largest Student Review Platform

**21.** भारत, चीन व पाकिस्तान में से ____________ भौगोलिक दृष्टि से सबसे बड़ा राष्ट्र है, तथा इन तीन राष्ट्रों में इसका घनत्व सबसे ____________ है।

(रिक्त स्थानों को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) चीन, अधिक

(B) पाकिस्तान, कम

(C) भारत, कम

(D) चीन, कम

**22.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* औपनिवेशिक सरकार द्वारा भारतीय कृषि का व्यवसायीकरण बलपूर्वक/दमनकारी रूप में प्रारंभ किया गया था।

*कथन 2 :* खाद्य फ़सलों के उत्पादन को लागू करने के पीछे अंग्रेज़ों के दोहरे उद्देश्य थे।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**23.** 1965 में, माओ ने ____________ का प्रारंभ किया, जिसके अंतर्गत छात्रों व पेशेवरों को ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने तथा सीखने के लिए भेजा गया था।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) ग्रेट लीप फॉरवर्ड अभियान

(B) कम्यून प्रणाली

(C) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति

(D) मध्यकालिक विकास योजना



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**21.** ____________ is geographically the largest nation among India, China and Pakistan and its density is _______ among the three nations.

(Choose the correct alternative to fill in the blanks) *1*

(A) China, highest

(B) Pakistan, lowest

(C) India, lowest

(D) China, lowest

**22.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* The commercialisation of Indian agriculture was coercively introduced by the colonial government.

*Statement 2 :* Britishers had a two-fold motive behind the enforcement of food crops production.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**23.** In 1965, Mao introduced the _____________ under which students and professionals were sent to work and learn from the countryside.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) Great Leap Forward Campaign

(B) Commune System

(C) Great Proletarian Cultural Revolution

(D) Medium Term Development Plan


collegedunia India's largest Student Review Platform

**24.** अंग्रेज़ों ने भारत के आयात-निर्यात पर एकाधिकारी नियंत्रण बनाए रखा था, जबकि कुछ अन्य देशों जैसे कि ____________ के साथ शेष की अनुमति थी।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(i) चीन

(ii) सिलोन (श्री लंका)

(iii) पर्शिया (ईरान)

विकल्प :

(A) केवल (i)   (B) (i) और (ii)

(C) (ii) और (iii)   (D) (i), (ii) और (iii)

**25.** उस वैकल्पिक विपणन चैनल की पहचान कीजिए जो, मुख्यत: पंजाब, हरियाणा व राजस्थान में संचालित होते हैं। (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) अपनी मंडी

(B) हड़पसार मंडी

(C) रायथू बाज़ार

(D) उझावर संधाई

**26.** निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान कीजिए : *1*

(A) स्वतंत्रता उपरांत, भारत ने समाजवादी अर्थव्यवस्था अपनाई थी।

(B) भारतीय आर्थिक नियोजन को पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से लागू किया गया था।

(C) भारत सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत भूमि सुधारों को लागू किया गया था।

(D) भारत में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में गिरावट के लिए औद्योगिक क्षेत्र में नीतिगत पहल ज़िम्मेदार थे।

**27.** 1978 में चीन में प्रारंभ किए गए आर्थिक सुधारों के अंतर्गत, विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ____________ की स्थापना की गई थी।

(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) प्रेषण क्षेत्रों   (B) भूमि क्षेत्रों

(C) विशेष कम्यून क्षेत्रों   (D) विशेष आर्थिक क्षेत्रों



collegedunia India's largest Student Review Platform

**24.** Britain maintained a monopoly control over India's exports and imports while the rest was allowed with a few other countries like __________ .

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(i) China

(ii) Ceylon (Sri Lanka)

(iii) Persia (Iran)

Alternatives :

(A) Only (i) (B) (i) and (ii)

(C) (ii) and (iii) (D) (i), (ii) and (iii)

**25.** Identify the alternate marketing channel that operates majorly in Punjab, Haryana and Rajasthan. (Choose the correct alternative) *1*

(A) Apni Mandi

(B) Hadapsar Mandi

(C) Rythu Bazars

(D) Uzhavar Sandies

**26.** Identify the correct statement from the following : *1*

(A) India adopted the socialistic economic system after Independence.

(B) Indian economic planning was implemented through Five Year Plans.

(C) Land reforms under industrial sector were implemented by the Government of India.

(D) Policy initiatives in the industrial sector were responsible for decline in Gross Domestic Product (GDP) in India.

**27.** Under the economic reforms introduced in China in 1978, ______ were set up to attract foreign investors.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) Remittance Zones (B) Land Zones

(C) Special Commune Zones (D) Special Economic Zones



collegedunia India's largest Student Review Platform

**28.** (क) ''हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना दिया है, परन्तु पारिस्थितिक (ecological) आधार पर इसकी आलोचना की गई है।''
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण प्रस्तुत कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) भारत में औपनिवेशिक सरकार द्वारा विकसित की गई आधारभूत-संरचना की किन्हीं तीन गतिविधियों का उल्लेख कीजिए। *3*

**29.** दिए गए चित्र में दर्शाई गई परिस्थिति की पहचान कीजिए तथा इस समस्या पर नियंत्रण पाने के लिए किसी एक प्रभावी रणनीति की व्याख्या कीजिए। *3*




**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर है।*

वैश्विक उष्णता की समस्या पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाने के लिए किसी एक रणनीति की व्याख्या कीजिए। *3*




collegedunia
India's largest Student Review Platform

28. (a) "Green Revolution made India self-sufficient in food grains, but was criticized on ecological grounds."
Do you agree with the given statement ? Present valid reasons in support of your answer. *3*

**OR**

(b) Enumerate any three infrastructural development activities undertaken by the colonial government in India. *3*

**29.** Identify the situation depicted in the given figure and explain any one strategy to effectively overcome the problem. *3*




***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***29.***

Explain any one strategy to effectively overcome the problem of global warming. *3*


collegedunia
India's largest Student Review Platform

**30.** (क) "एक सुदृढ़ कृषि विपणन प्रणाली किसी भी राष्ट्र की कृषि-प्रणाली के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करती है।"

इस दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों को सूचीबद्ध कर उपर्युक्त कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) "विगत कुछ वर्षों में, भारत में परंपरागत कृषि से प्राकृतिक/जैविक कृषि की ओर स्थानांतरण देखा गया है।"

जैविक उत्पादों की ओर इस स्थानांतरण के पीछे के किन्हीं दो कारणों की संक्षिप्त चर्चा कीजिए। *4*

**31.** "भारत में शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर व्यय समान अनुपात में होता है।"

वैध कारण बताते हुए दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए। *4*

**32.** निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, चीन व पाकिस्तान के लिए रोज़गार व उत्पादन में परिवर्तन की रूपरेखा प्रस्तुत कर चर्चा कीजिए : *4*

**रोज़गार और GVA का क्षेत्रीय हिस्सा 2018 – 2019 में (%)**

| *विभाग* | GVA को योगदान | | | कार्यबल का वितरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* |
| कृषि | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| उद्योग | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| सेवाएँ | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| **कुल** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**स्रोत :** *मानव विकास रिपोर्ट 2019 : एशिया और प्रशांत 2019 के प्रमुख संकेतक।*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**30.** (a) "A sound agricultural marketing system works as the backbone of any agro-system of any nation."

Justify the above statement by listing any two steps taken by the Indian government in this direction. *4*

**OR**

(b) "Over the past few years, India has witnessed a shift from traditional conventional farming to natural/organic farming."

Discuss briefly any two reasons behind this shift towards organic produce. *4*

**31.** "Expenditure on different levels of education in India is in the same proportion."

Defend or refute the given statement, giving valid reasons. *4*

**32.** On the basis of the data given below, outline and discuss the shift in employment and output for China and Pakistan : *4*

**Sectoral Share of Employment and GVA (%) in 2018 – 2019**

| *Sector* | Contribution to GVA | | | Distribution of workforce | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *India* | *China* | *Pakistan* | *India* | *China* | *Pakistan* |
| Agriculture | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| Industry | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| Services | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| **Total** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**Source :** *Human Development Report 2019 : Key Indicators of Asia and Pacific 2019.*


collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**33.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

जुलाई 1991 के बजट के साथ राष्ट्र को एक बाह्य-उन्मुख बाज़ार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने के पक्ष में एक स्पष्ट परिवर्तन आया था । बजट में प्रारंभ किए गए व्यापारिक उदारीकरण के कदम बहुत व्यापक थे, हालाँकि इनकी गति धीमी रही तथा उनमें कभी-कभी रुकावटें भी आती रहीं थीं ।

1991 के सुधारों ने कुछ मध्यवर्ती आयातों व पूँजीगत वस्तुओं को छोड़कर सभी वस्तुओं पर आयात लाइसेंस को समाप्त कर दिया था ।

उपभोक्ता वस्तुएँ, जो कि आयात शुल्क संग्रह का 30% हैं, लाइसेंस के अंतर्गत रहती हैं । मात्र एक दशक उपरांत, विश्व व्यापार संगठन (WTO) में भारत के व्यापारिक साझेदारों द्वारा एक सफल चुनौती के पश्चात् इन वस्तुओं को भी लाइसेंस से मुक्त कर दिया गया था ।

वर्तमान में, पर्यावरण/स्वास्थ्य/सुरक्षा के आधार पर अस्वीकृत कुछ वस्तुओं को छोड़कर, सभी वस्तुओं को बिना लाइसेंस या अन्य प्रतिबंधों के आयात किया जा सकता है ।

लाइसेंस हटाने के साथ, ये आयात शुल्क दरें आयात पर प्रभावी प्रतिबंध बन गईं थीं । इसलिए, आर्थिक सुधारों का एक प्रमुख कार्य आयात शुल्क दरों को कम करना रहा है । आयात शुल्क में कटौती मुख्य रूप से ग़ैर-कृषि, औद्योगिक वस्तुओं तक ही सीमित है ।

इसलिए, उदारीकरण इन वस्तुओं पर कठोरता से लागू होता है । आयात शुल्क में कमी शुल्क दरों में क्रमिक गिरावट के माध्यम से प्राप्त की गई है । आयात शुल्क बैंड की संख्या में कमी के माध्यम से आयात शुल्क संरचना के एक साथ युक्तिकरण ने इस दिशा में सहायता की थी ।

दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) ‘‘1991 के बजट में प्रारंभ किए गए उदारीकरण सुधार अत्यंत व्यापक थे ।’’ 1991 के व्यापारिक सुधारों में से किन्हीं दो व्यापार सुधारों की व्याख्या करते हुए दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *4*

(ii) ऐसे किन्हीं दो क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए जिनमें आयात शुल्क में कटौती की गई थी । *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**33.** Read the following text carefully :

With the July 1991 budget, there was a clear switch in favour of a move towards an outward-oriented, market-based economy. The liberalisation steps initiated in the budget were very comprehensive although the pace remained gradual and there were occasional hiccups.

The 1991 reforms did away with import licensing on all but a handful of intermediate inputs and capital goods.

Consumer goods, accounting for approximately 30% of tariff lines, remained under licensing, Only a decade later, after a successful challenge by India's trading partners at the World Trade Organisation (WTO), were these goods freed of licensing.

Today, except for a handful of goods that are disallowed on environmental/health/safety grounds, all goods may be imported without a license or other restrictions.

With the removal of licensing, the tariff rates became effective restrictions on imports. Therefore, a major task of the reforms has been to lower the tariff rates. Tariff reductions have been mainly confined to non-agricultural, industrial goods.

Therefore, the liberalization applies strictly to these goods. The reduction in tariffs has been achieved through a gradual compression of the tariff rates. A simultaneous rationalization of the tariff structure through a reduction in the number of tariff bands helped in this direction.

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions :

(i) "The trade liberalization reforms initiated in 1991 budget were very comprehensive."

Justify the given statement explaining any two trade reforms introduced in 1991. *4*

(ii) State any two areas in which tariff reductions were introduced. *2*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**34.** (क) (i) "जैसे-जैसे कोई अर्थव्यवस्था विकसित होती है, वैसे-वैसे अर्थव्यवस्था में नियोजित व्यक्तियों की संख्या में भी वृद्धि होती है; फिर भी 1991 के बाद से भारत इसके अपवाद के रूप में उभर कर सामने आया है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में वैध तर्क प्रस्तुत कीजिए। *4*

(ii) उपयुक्त उदाहरण द्वारा प्रच्छन्न बेरोज़गारी की परिभाषा दीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) (i) "नेहा एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में पिछले पाँच वर्षों से नियमित रूप से कार्यरत है।"

उपर्युक्त कथन में दर्शाए गए रोज़गार के प्रकार की पहचान कर संक्षेप में व्याख्या कीजिए। *3*

(ii) उस संकेतक का नाम बताइए, जिसका किसी राष्ट्र में रोज़गार की स्थिति का विश्लेषण करने में सामान्यत: उपयोग किया जाता है। इसके महत्त्व की भी चर्चा कीजिए। *3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**34.** (a) (i) "As an economy grows, the number of employed persons in an economy also increases; however, since 1991 India has come up as an exception to this.''

Do you agree with the given statement ? Give valid arguments in support of your answer. *4*

(ii) Define disguised unemployment with a suitable example. *2*

**OR**

(b) (i) "Neha has been working in a multinational corporation since the past five years on the payroll of the company".

Identify and briefly explain the type of employment indicated in the above statement. *3*

(ii) Name the indicator that is generally used for analysing the employment situation in a country. Also discuss its importance. *3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform